कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः—शिविरा—मा./संस्था/एफ—1/12102/सी.भ./विभिन्न विषय/रिशफल आवंटन/2020 दिनांक 21/01/2021

रजिस्टर्ड/ईमेल

संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा, संभाग कार्यालय,
समस्त

विषयः— वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड—II (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा—2016 में चयनित अभ्यर्थी जो प्रतिनियुक्ति पर विवेकानन्द मॉडल स्कूल में कार्यरत है के सम्बन्ध में।

प्रसंग :— इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक 20.07.2020, 23.07.2020, 24.07.2020 एवं दिनांक 09.10.2020

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्रों के द्वारा वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड—II (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा—2016 में चयनित एवं नियुक्ति उपरान्त कार्यग्रहण करने वाले अभ्यर्थियों का सम्भाग आवंटन रिशफल किया जाकर, जिन अभ्यर्थियों के सम्भाग परिवर्तित हुए थे की काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थापन किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए थे।

विभाग के ध्यान में आया है कि वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड—II (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा—2016 में चयनित कतिपय अभ्यर्थी जो कि सक्षम स्तर से स्वीकृति उपरान्त राजकीय विवेकानन्द मॉडल स्कूल में प्रतिनियुक्ति पद पर पदस्थापित है, के परिविक्षाकाल पूर्ण होने पर नियमितिकरण/स्थाईकरण तथा प्रतिनियुक्ति समाप्ति पर किस सम्भाग हेतु कार्यमुक्त किया जायेगा।

इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 09.10.2020 के बिन्दु संख्या—08 के क्रम में आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड—II (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा—2016 में चयनित जिन अभ्यर्थियों की प्रतिनियुक्ति सक्षम स्तर से स्वीकृति उपरान्त राजकीय विवेकानन्द मॉडल स्कूल में हो चुकी है, उनको रिशफल सम्भाग आवंटन में सम्भाग परिवर्तन की स्थिति में प्रतिनियुक्ति समाप्ति पर उनका पदस्थापन नवीन आवंटित सम्भाग स्तर पर तत्समय उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर किया जायेगा।

उक्त के सम्बन्ध में आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड—II (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा—2016 में चयनित अभ्यर्थी जो सक्षम स्तर से स्वीकृति उपरान्त राजकीय विवेकानन्द मॉडल स्कूल में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थापित है जिनका रिशफल में सम्भाग परिवर्तित हो गया है उन सभी अभ्यर्थियों के समस्त प्रकार के प्रकरण (जैस—स्थाईकरण/वेतन नियमितिकरण इत्यादि) ऑनलाईन/ऑफलाईन नव आवंटित सम्भाग के संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा कार्यालय द्वारा सम्पादित किए जायेंगे।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि— निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु—

1. आयुक्त, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद, शिक्षा संकुल, जयपुर।
2. समस्त प्रधानाचार्य, राजकीय विवेकानन्द मॉडल, स्कूल को देकर निर्देशित किया जाता है कि वे उक्त भर्ती में चयनित अभ्यर्थी के प्रकरणों के सम्बन्ध में नव आवंटित सम्भाग के संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा से आवश्यक पत्राचार करें।
3. सम्बन्धित कार्मिक....
4. रक्षित पत्रावली

संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर